सूचना और प्रसारण मंत्रालय

43 मिलियन घरों के साथ डीडी फ्रीडिश ने नए चैनल जोड़ने की घोषणा की

Posted On: 31 MAR 2022 2:46PM by PIB Delhi

टीवी वितरण उद्योग में अद्वितीय वृद्धि दर्ज करते हुए, दूरदर्शन फ्रीडिश 43 मिलियन से अधिक घरों तक पहुंच के साथ सबसे बड़ा डीटीएच प्लेटफॉर्म बन गया है। बेहतर नीलामी प्रक्रियाओं के साथ, विभिन्न शैलियों में बेहतर गुणवत्ता और चैनलों को जोड़ने के मामले में 2017 और 2022 के बीच एक मात्र दूरदर्शन की निःशुल्क डीटीएच सेवा ने 2017 के 22 मिलियन से बढ़ोतरी करते हुए 2022 में 43 मिलियन तक लगभग 100% की शानदार वृद्धि दर्ज की है।

हाल ही में जारी फिक्की-ईवाई रिपोर्ट 2022 इस तथ्य की पुष्टि करती है कि डीडी फ्रीडिश ने अपने मजबूत विकास पथ को किस तरह से जारी रखा है, इस निःशुल्क मंच के माध्यम से नए अतिरिक्त चैनलों को जोड़ने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कम खर्चे में अनुमानित 43 मिलियन ग्राहकों तक पहुंचने के लिए अपने आधार को बढ़ाना जारी रखा है। रिपोर्ट में फ्रीडिश वितरकों का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि डीडी फ्रीडिश सेट-टॉप बॉक्स की बिक्री में साल दर साल वृद्धि हुई है।

2004 और 2017 के बीच 13 वर्षों में 22 मिलियन ग्राहकों की तुलना में, डीडी फ्रीडिश ने पिछले 5 वर्षों अर्थात 2017 और 2022 के बीच, 21 मिलियन और ग्राहक जोड़े हैं, जो अब बढ़कर कुल 43 मिलियन हो गए हैं।

प्रसार भारती की डीटीएच सेवा डीडी फ्रीडिश एकमात्र फ्री-टू-एयर (एफटीए) डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा है जहां दर्शक को कोई मासिक सदस्यता शुल्क नहीं देना पड़ता है। इसके लिए डीडी फ्रीडिश सेट-टॉप बॉक्स की खरीद के लिए केवल 2000 रुपए का एक छोटा सा एकमुश्त निवेश आवश्यक है। https://prasarbharati.gov.in/free-dish/

डीडी फ्रीडिश सफलता की कहानी का एक उदाहरण है, 2022-23 के लिए डीडी फ्रीडिश के एमपीईजी-2 स्लॉट के आवंटन के लिए नवीनतम ई-नीलामी में, 63 चैनलों को विभिन्न शैलियों में सफलतापूर्वक स्लॉट आवंटित किए गए थे। डीडी फ्रीडिश के सब्सक्रिप्शन आधार में वृद्धि के साथ-साथ डीडी फ्रीडिश पर चैनलों की संख्या में भी इस वर्ष कई गुणा वृद्धि हुई है। न्यूज और करेंट अफेयर्स कैटेगरी में चैनलों की संख्या 11 से बढ़कर 14 हो गई है, जबकि हिंदी म्यूजिक, हिंदी स्पोर्ट्स, हिंदी टेलीशॉपिंग चैनल, भोजपुरी मूवीज और भोजपुरी सामान्य मनोरंजन चैनलों की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई है।

डीडी फ्रीडिश कुल 167 टीवी चैनलों और 48 रेडियो चैनलों की मेजबानी करता है, जिसमें 91 दूरदर्शन चैनल (51 कोब्रांडेड शैक्षिक चैनल शामिल हैं) और इसके अलावा 76 निजी टीवी चैनल शामिल हैं। 1 अप्रैल, 2022 से, डीडी फ्रीडिश निजी टीवी चैनलों के समूह में 8 हिंदी सामान्य मनोरंजन चैनल, 15 हिंदी मूवी चैनल, 6 संगीत चैनल, 22 समाचार चैनल, 9 भोजपुरी चैनल, 4 भक्ति और 2 विदेशी चैनल शामिल होंगे।

नए चैनल जुड़ने से डीडी फ्रीडिश समूह को पहले से कहीं अधिक विविध और आकर्षक बना दिया है। डीडी फ्रीडिश पर पहली बार भोजन के लिए समर्पित चैनल, शेफ संजीव कपूर का 'फ़ूड फ़ूड' जोड़ा गया है। खेल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि अब डीडी स्पोर्ट्स के अलावा फ्रीडिश का एक और स्पोर्ट्स चैनल 'माईकैम' होगा।

नीचे दिए गए व्याख्यात्मक लघु वीडियो देखें जो चैनलों की नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए डीडी फ्रीडिश सेट-टॉप बॉक्स को सेट करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन कर सकता है।

डीडी फ्रीडिश पर नए चैनल का लाइन-अप, 1 अप्रैल, 2022 से प्रभावी।

***

एमजी/एएम/एसएस/ओपी

(Release ID: 1811927) Visitor Counter : 106

Read this release in: Urdu , Marathi , English , Gujarati , Tamil